समाहरणालय, पटना।
(शस्त्र शाखा)

फोन न0 0612–2219545 (का
फैक्स न0–0612–22189(
Email : dampatnaarmssection@gmail.co
dm-patna.bih@nic.i

–: आदेश :–

20-09-2013

आवेदक **श्री संजय कुमार सिंह,** पिता–श्री रामचन्द्र सिंह, ग्राम–राघोपुर, पो0+ थाना–बिहटा, जिला–पटना से प्राप्त एक दोनाली बन्दूक शस्त्र अनुज्ञप्ति आवेदन–पत्र पर शस्त्र अनुज्ञप्ति वाद संख्या–09–326/2011 कायम करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त कर सुनवाई की तिथि–20.09.2013 निर्धारित की गई।

पूर्व निर्धारित तिथि दिनांक–20.09.2013 को सुनवाई की गयी। सुनवाई के क्रम में आवेदक के द्वारा उपस्थित होकर बताया गया कि वे कृषक हैं। तदोपरान्त उनके द्वारा अपने जान–माल की सुरक्षा हेतु शस्त्र अनुज्ञप्ति निर्गत करने का अनुरोध किया गया, परन्तु पूछने पर सुरक्षा भय के संबंध में कोई ठोस साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया।

वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के पत्रांक–344/गो0, दिनांक–16.03.2013 द्वारा आवेदक के शस्त्र अनुज्ञप्ति आवेदन पत्र को जाँचोपरान्त मात्र अग्रसारित किया गया है। कोई अनुशंसा अंकित नहीं की गयी है। पुलिस अवर निरीक्षक, बिहटा थाना, पटना के ज्ञापांक–22/2013, दि0–15.03.2013 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि आवेदक का चरित्र एवं पूर्ववृत्त असंदिग्ध है। थाना अभिलेख में आवेदक के विरूद्ध कोई प्रतिकूल प्रविष्टि अंकित नहीं है। आवेदक को शस्त्र अनुज्ञप्ति की आवश्यकता है तथा शस्त्र के दुरूपयोग की संभावना प्रतीत नहीं होती है। तदोपरान्त आवेदक के शस्त्र अनुज्ञप्ति आवेदन पत्र को सूचनार्थ प्रेषित किया गया है। थानाध्यक्ष, बिहटा द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि आवेदक कृषिक हैं। आवेदक के पिता के नाम पूर्व से एक डी0बी0बी0एल0 गन अनुज्ञप्ति है। तदोपरान्त आवेदक के जान–माल के सुरक्षार्थ शस्त्र अनुज्ञप्ति निर्गत करने हेतु अनुरोध किया गया है, लेकिन आवेदक को विशेष सुरक्षा भय होने के संबंध में कुछ भी प्रतिवेदित नहीं किया गया है। थानाध्यक्ष द्वारा जाँच प्रतिवेदन की कंडिका–10 के सभी बिन्दुओं पर 'नहीं' प्रतिवेदित करने के बावजूद आवेदक को शस्त्र अनुज्ञप्ति आवेदन को अग्रसारित किया गया है, लेकिन इसके लिए कोई कारण नहीं बताया गया है। यह भी पाया गया कि आवेदक के द्वारा शस्त्र अनुज्ञप्ति आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर भी नहीं किया गया है।

शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 13 (2) एवं 13 (2A) में अंकित है कि "आवेदन की प्राप्ति पर, अनुज्ञापन प्राधिकारी उस आवेदन पर निकटतम पुलिस थाने के भारसाधक ऑफिसर की रिपोर्ट मंगवाएगा और ऐसा ऑफिसर अपनी रिपोर्ट विहित समय के भीतर भेजेगा। अनुज्ञापन प्राधिकारी ऐसी जांच, यदि कोई हो, करने के पश्चात्, जैसा वह आवश्यक समझे, और उप–धारा (2) के अधीन प्राप्त रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् इस अध्याय के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए, लिखित आदेश द्वारा अनुज्ञप्ति या तो अनुदत्त करेगा या अनुदत्त करने से इन्कार करेगा :

परन्तु जहॉ निकटतम पुलिस थाने का भारसाधक ऑफिसर आवेदन पर विहित समय के भीतर अपनी रिपोर्ट नहीं भेजता है, वहॉ यदि अनुज्ञापन प्राधिकारी ठीक समझे तो वह

विहित समय के अवसान के पश्चात्, उस रिपोर्ट की और प्रतीक्षा किए बिना ऐसा आदेश कर सकेगा।"

वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना से प्राप्त प्रतिवेदन, आवेदक के आवेदन एवं उनके द्वारा उपस्थित होकर रखे गये तथ्यों एवं अभिलेख पर संधारित कागजातों के सूक्ष्मता पूर्वक अवलोकन के पश्चात अधोहस्ताक्षरी इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि आवेदक को सुरक्षा के बिन्दु पर कोई विशेष सुरक्षा भय/खतरा नहीं है तथा उन्हें एक दोनाली बन्दूक हेतु शस्त्र अनुज्ञप्ति निर्गत किए जाने का कोई यथेष्ट कारण नहीं है।

शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 13, शस्त्र नियम 1962 में निहित शक्तियों एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त आवेदक श्री संजय कुमार सिंह, पिता–श्री रामचन्द्र सिंह, ग्राम–राघोपुर, पो0+थाना–बिहटा, जिला–पटना के आवेदित एक दोनाली बन्दूक अनुज्ञप्ति आवेदन–पत्र को **अस्वीकृत** किया जाता है।

वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित।

जिला दण्डाधिकारी,
पटना।

जिला दण्डाधिकारी,
पटना।